सन्मार्ग

7th July 2017

हाउसिंग परियोजना में 100 किलोवाट सौर ऊर्जा होगी उत्पन्न

ईडन रिएल्टी की ओर से सोरिस बनहुगली परियोजना को लांच किया गया। मौके पर अभिनेत्री कोनिनिका बनर्जी, कुमार सात्यकी, आर्य सुमंत, विश्वदीप गुप्ता व अन्य

कोलकाता : सौर ऊर्जा के बढ़ावे को लेकर अब भवन निर्माण में बड़े पैमाने पर सोलर परियोजना का भी उपयोग किया जा रहा है। इसी के तहत बनहुगली में ईडन समूह की ओर से अफोर्डेबल हाउसिंग का निर्माण किया जाएगा। बनहुगली सोलरिश परियोजना में 100 किलोवाट सौर ऊर्जा भी उत्पन्न हो सकेगी। करीब 276 फ्लैट इसके तहत आवंटित किए जाएंगे। सौर ऊर्जा से यहां रखरखाव का खर्च कम किए जाने में मदद मिल सकेगी। साथ ही आवश्यक कार्यों में सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा सकेगा। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ ग्राहकों को पहुंचाया जाएगा। इसके तहत क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) का

कि सौर ऊर्जा के लिए विशेष उपाय किए गए हैं। वहीं फ्लैट के लिए 7 जुलाई से बुकिंग शुरू होगी। 31 जुलाई तक लोग ऑनलाइन या इलाहाबाद व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से फॉर्म लेकर जमा कर सकते हैं। अगस्त में लॉटरी से इनका आवंटन होगा।

जबकि करीब 3 से साढ़े 3 साल में यह तैयार होगा। मौके पर अभिनेत्री **कोनिनिका बनर्जी**, ईडन रिएलिटी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक **आर्य सुमंत**, संयुक्त प्रबंध निदेशक **कुमार सात्यकी**, **अनिरुद्ध अग्रवाल**, आर्किटेक्ट **मलय कुमार घोष**, **श्यामल कुमार दास** व अन्य मौजूद थे। आने वाले दिनों में समूह की ओर से 10 हजार एफोर्डेबल हाउसिंग का निर्माण किया जाएगा।

लाभ मिलेगा। कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में ईडन रिएलिटी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक (विपणन) **विश्वदीप गुप्ता** ने कहा बारासात, श्रीरामपुर, कोना सहित अन्य जगहों पर कंपनी की ओर से ऐसे निर्माण की योजना तैयार की गई है। ■